# WINSOME BREWERIES LTD.

**Regd. Office :** Vill. Sarehkhurd, Tehsil Tijara, Distt. Alwar (Rajasthan)
**Corp. Office :** D-61, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi-110020
Phone & Fax : 011 - 26811299 Email : rkb@winsomeindia.in
Website : winsomeindia.in
CIN : L15511RJ1992PLC014556

Winsome

**Date: 17.02.2020**

To,
Manager Listing Department
BSE Limited
Floor-25 P.J Tower, Dalal Street
Mumbai-400001

**Script Code: 526471**

**SUB: Submission of copies of Newspaper Advertisement regarding Un-Audited Financial Results for the third quarter and nine months ended on 31st December, 2019 approved in the Board Meeting held on 14th February, 2020**

**REF: Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulation, 2015**

**Dear Sir/Madam,**

With respect to the captioned subject, please find enclosed herewith the copies of Newspaper Advertisement published in English daily (Top Story) and regional Newspaper (Naya India) on 15th February, 2020 regarding Un-Audited Financial Results for the third quarter and nine months ended on 31st December, 2019 approved in the Board Meeting held on 14th February, 2020.

We request you to kindly take this intimation on record and oblige.

Thanking You,

Yours faithfully
**For WINSOME BREWERIES LIMITED**

For WINSOME BREWERIES LIMITED

Chairman Cum Managing Director

**RAJENDRA KUMAR BAGRODIA**
**CHAIRMAN CUM MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 00178250**
**ADD: S-521, GREATER KAILASH**
**PART-II, NEW DELHI-110048**

**Encl.: As above**

**आज का सार**

*बीमा नियामक इरडा ने अस्पतालों में इलाज खर्च की बढती दरों को लेकर चिंता जतायी है और उसने चिकित्सा की कुछ प्रक्रियाओं के लिये दरों के मानक बनाने की योजना बनायी है।*


## सार समाचार

### रूस ने लगाया ट्विटर और फेसबुक पर जुर्माना

**मॉस्को, शिन्हुआ।** रूस में मॉस्को की एक अदालत ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्वीटर और फेसबुक पर लोगों के डेटा स्टोरेज नियमों का पालन नहीं करने के मामले में 62 हजार 960 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना ठोका है। टीएसएस समाचार एजेंसी के अनुसार रूसी कानून के तहत रूसी नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा को संग्रहीत करने और संसाधित करने के लिए इंटरनेट सेवा प्रदाताओं की आवश्यकता होती है और रूसी उपयोगकर्ताओं के डेटा को देश में नहीं रखने के चलते दोनों कंपनियों पर यह जुर्माना लगाया है। ऐसे किसी मामले में दूरसंचार मामलों की निगराने करने वाले कंपनी रोसकोम्नाडज़ोर को किसी भी तरह के नियमों का उल्लंघन होने पर जुर्माना लगाने या इंटरनेट कंपनियों को ब्लॉक करने का अधिकार है। उल्लेखनीय है कि रूस के डेटा नियमों के मुताबिक वहां के नागरिकों का डेटा देश में रखना जरूरी है।

### तालिबान के साथ शांति समझौते पर पहुंचने के बेहद करीबः ट्रंप

**वाशिंगटन, स्पूतनिक।** अमेरिका के राष्ट्रपति



डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका तालिबान के साथ शांति समझौते को लेकर सहमति बनाने के बेहद करीब है और जल्द ही दोनों के बीच सहमति बना ली जायेगी। ट्रंप ने गुरुवार को कहा, "मुझे लगता है हम बेहद करीब है और समझौता तय करने का यह अच्छा मौका है। इसका मतलब हालांकि यह नहीं है कि समझौते पर सहमति बन गयी है लेकिन अगले दो सप्ताह के दौरान समझौता तय कर लिया जाएगा।" मिडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमेरिका और तालिबान के बीच समझौते से पहले तालिबान को एक हफ्ते तक हिंसा में कमी करनी जरुरी होगी। गौरतलब है कि अमेरिका में सितम्बर 2011 में तालिबान द्वारा किये गए हमले के बाद से अफगानिस्तान में अमेरिका सेना तैनात है। सेना हालांकि अफगानिस्तान में लोकतंत्र और स्थिरता बहाल करने के उद्देश्य से तैनात की गयी थी।

# भारत को वायु रक्षा प्रणाली मिलने से पाकिस्तान चिंतित

**इस्लामाबाद ■ वार्ता**

भारत को अमेरिका से मिलने वाली वायु रक्षा प्रणाली को लेकर पाकिस्तान बेचैन और चिंतित है तथा सौदे को रोकने के लिये अंतरराष्ट्रीय समुदाय से गुहार लगायी है।

पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता आइशा फारूकी ने गुरुवार को साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका के भारत को वायु रक्षा प्रणाली बेचे जाने की मंजूरी देना चिंताजनक है। अमेरिका का यह कदम हथियारों की होड़ बढ़ाने वाला है तथा क्षेत्र इसको वहन नहीं कर सकता है।

सुश्री आईशा ने कश्मीर का जिक्र करते हुये कहा कि भारत ने कश्मीर को दुनिया की बड़ी जेल के रुप में तबदील कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के कश्मीर पर झूठ को पाकिस्तान दुनिया के सामने लाना चाहता है। दक्षिण एशिया हथियारों की दौड़ और टकराव का खतरा और नहीं उठा सकता है। इसलिए क्षेत्र को अस्थिर होने से रोकने का दायित्व अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर है।



उन्होंने भारतीय मीडिया की मंगलवार को प्रकाशित रिपोर्टों पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि ट्रंप प्रशासन ने भारत को वायु रक्षा प्रणाली बेचने के 1.8 अरब डालर के सौदे को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के इस फैसले से दक्षिण एशिया में सामरिक संतुलन बिगडेगा।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनिया गुटेरेस के दौरे के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ भारत कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की तरफ से की जाने वाली किसी कार्रवाई का पाकिस्तान मुंह तोड़ जवाब देगा।

उधर पाकिस्तान की यात्रा पर आये श्री एर्दोगन ने कश्मीर मामले पर पाकिस्तान के प्रति समर्थन व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस लाहौर और करतारपुर के गुरुद्वारा दरबार साहिब का भ्रमण करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि 193 दिनों से कश्मीर बंद है और वहां मानवधिकारों का उल्लंघन हो रहा है तथा वहां लोगों को बोलने की आजादी नहीं है।

## तुर्की सीपीईसी से जुड़ने के लिए तैयार : एर्दोगान

**इस्लामाबाद ■ आईएएनएस**

पाकिस्तान के दौरे पर आए तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) की परियोजनाओं से जुड़ने के लिए तैयार है। इसके साथ ही, उन्होंने सीपीईसी को लेकर यह टिप्पणी भी की कि 'इसे तुर्की के उद्यमियों को ठीक से बताए जाने की जरूरत है।' पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की उपस्थिति में पाकिस्तान-तुर्की व्यापार एवं निवेश फोरम को संबोधित करते हुए एर्दोगान ने यह बात की। उन्होंने सीपीईसी से जुड़ने की तुर्की की इच्छा तो जताई लेकिन इसे लेकर अपने देश की शंकाओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि 'तुर्की को वही अवसर नहीं दिए गए जो कुछ अन्य देशों को दिए गए हैं।'

गौरतलब है कि सीपीईसी परियोजनाओं पर भारत अपनी कड़ी आपत्ति जताता रहा है। उसका कहना है कि यह परियोजनाएं पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और गिलगिट-बाल्टिस्तान के उन क्षेत्रों से होकर गुजरती हैं जो उसका हिस्सा है। इन विवादित इलाकों में इस तरह की परियोजनाओं की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। एर्दोगान ने कहा कि पाकिस्तान और तुर्की के बीच व्यापार अभी संभावनाओं और क्षमताओं से बहुत कम स्तर पर है।

उन्होंने कहा, 'जितना बेहतर राजनैतिक संबंध दोनों देशों के बीच है, वैसा ही संबंध आर्थिक क्षेत्र में भी होना चाहिए। आज हमारे बीच केवल 80 करोड़ डॉलर का व्यापार हो रहा है जो हमारे लिए अस्वीकार्य है। इसे अविलंब एक अरब डॉलर करने की जरूरत है तथा इसे बढ़ाकर पांच अरब डॉलर तक ले जाना होगा। और, यह महज सद्भावनाओं से नहीं होगा। इसके लिए हमें मजबूत और स्पष्ट कदम उठाने होंगे।'

### चीन ने कोविड-19 मरीजों के उपचार के लिए प्रोटो प्लाज्मा विकसित किया

**बीजिंग, वार्ता।** चीनी वैज्ञानिकों ने घातक विषाणु कोविड -19 की चपेट में आए लेकिन बाद में ठीक हो गए मरीजों से प्रोटो प्लाजा जैविक तत्व विकसित किया है और इसका इस्तेमाल कोरोना वायरस के मरीजों के उपचार में व्यापक तौर पर किया जाएगा। चाइना नेशनल बायोटेक ग्रुप नामक कंपनी के वैज्ञानिकों ने इसे विकसित किया है और जो मरीज इस विषाणु से संक्रमित हुए थे उनके शरीर से इसे निकाला गया है। इसका इस्तेमाल कन्वलसेंट प्लाज्मा और इम्युनोग्लोबिन को बनाने में किया जाएगा। कंपनी ने बताया कि कड़े रक्त जैव सुरक्षात्मक परीक्षणों, विषाणु निष्क्रियता और विषाणु निरोधक परीक्षणों के बाद इस प्लाज्मा को विकसित किया गया है और इसका इस्तेमाल गंभीर मरीजों पर किया जा चुका है।

गपशप का शेष

## गवर्नेंस एजेंडा कहां है?

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का कामकाज गवर्नेंस का एक मॉडल हो सकता था पर बहुत होशियारी से अरविंद केजरीवाल ने पांच साल में यह स्थापित किया कि केंद्र की सरकार उप राज्यपाल के जरिए उनको कामकाज से रोक रही है। उन्होंने कानून व्यवस्था के मसले पर भी केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किए रखा। इसके अलावा नोटबंदी से लेकर जीएसटी और अब नागरिकता कानून की वजह से केंद्र का एक अलग ही मॉडल सामने आया, जिसे गुड गवर्नेंस का मॉडल नहीं कहा जा सकता है। नोटबंदी, जीएसटी और नागरिकता पर भी केजरीवाल को अपनी ओर से कोई कैंपने चलाने की जरूरत नहीं पड़ी। यह अपने आप अखिल भारतीय मुद्दा बना और बाकी सारी पार्टियों ने इस पर लोगों को जागरूक किया। इसका फायदा अपने आप केजरीवाल को दिल्ली में मिला।

पर यह सिर्फ दिल्ली की बात नहीं है, पूरे देश में भाजपा गुड गवर्नेंस का कोई मॉडल नहीं स्थापित कर पाई है। जो चेहरे या जो मुख्यमंत्री इसका प्रतीक हो सकते थे, उन्हें पार्टी ने हाशिए में रखा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुड गवर्नेंस देने वाले मुख्यमंत्री के तौर पर दिल्ली में प्रचार में उतारे जा सकते थे पर भाजपा ने उनकी बजाय विभाजनकारी एजेंडा चलाने वाले नेताओं से प्रचार कराया। असल में भाजपा की समस्या यह है कि वह चुनाव जीतने के लिए गवर्नेंस की जरूरत नहीं समझ रही है। उसे लग रहा है कि सिर्फ राजनीतिक मुद्दों से चुनाव जीता जा सकता है। यह अधूरी सचाई है। राजनीतिक मुद्दों से विपक्षी पार्टी चुनाव जीत सकती है, जो सरकार में है उसे अपने कामकाज का मॉडल पेश करना होगा।

जैसे नरेंद्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते जो काम किए उसे उन्होंने गुजरात मॉडल की तर्ज पर पूरे देश में इस्तेमाल किया। इसका उनको फायदा मिला। पर अब गुजरात गाथा कहीं नहीं सुनाई दे रही है। उम्मीद की जा रही थी कि उसी तर्ज पर मोदी भारत गाथा लिखेंगे, लेकिन देश के शासन का कोई ऐसा मॉडल नहीं बना, जिस पर लोगों को यकीन दिला कर उन्हें राज्यों में भाजपा के लिए वोट करने को प्रेरित किया जा सके। गवर्वेंस का एजेंडा नहीं होना भाजपा के लिए दिल्ली में भारी पड़ा और दूसरे राज्यों में भी। आगे भी अगर अपने राजनीतिक एजेंडे के साथ साथ भाजपा ने गुड गवर्नेंस और किसी अच्छे, पुण्यता वाले प्रशासक का चेहरा आगे नहीं करेगी तो उसकी मुश्किलें खत्म नहीं होंगी।

## हिंदू राजनीति में खत्म होता एकाधिकार

दिल्ली के चुनाव नतीजों से साबित है कि धर्म की राजनीति पर भाजपा का एकाधिकार नहीं है। वैसे अब तो भाजपा जय श्रीराम के नारे नहीं लगाती है पर अरविंद केजरीवाल ने जय हनुमान का नारा देकर उसे बैकफुट पर ला दिया। दिल्ली में मतदान से ऐन पहले अरविंद केजरीवाल ने कनॉट प्लेस में स्थिति सबसे मशहूर हनुमान मंदिर में जाकर माथा टेका। उन्होंने अपने को हनुमान भक्त बताया। भाजपा से गलती यह हो गई कि उसने इस पर भी सवाल उठा दिया। भाजपा के नेताओं को लगा कि वे जैसे धार्मिक मसलों पर राहुल गांधी को बैकफुट पर ला देते हैं वैसे ही केजरीवाल को भी ला देंगे पर वह उलटा पड़ गया।

तभी नतीजों के दिन केजरीवाल और उनके नेताओं ने याद दिलाया कि नतीजा मंगलवार को आया है और यह हनुमानजी का दिन है। अपनी पार्टी कार्यालय की छत से खड़े होकर केजरीवाल ने मंगलवार और हनुमानजी का संयोग याद दिलाया और बाद में फिर हनुमान मंदिर गए। भाजपा के नेता कहते रहे कि केजरीवाल चुनावी हनुमान भक्त हैं पर दिल्ली के लोगों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। दिल्ली के लोगों ने उनकी भक्ति को सही माना और उसे स्वीकार किया। असल में केजरीवाल ने अपनी अब तक की राजनीति में कभी भी अपने को जोर देकर सेकुलर दिखाने का प्रयास नहीं किया है। शुरुआत के कुछ दिनों को छोड़ दें तो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर निजी हमले करना भी बंद कर दिया है। सो, उन्हें आतंकवादी, मुस्लिमपरस्त या पाकिस्तानपरस्त, हिंदू विरोधी आदि साबित करने का प्रयास कामयाब नहीं होता है। भाजपा की राष्ट्रवाद की राजनीति की काट भी केजरीवाल ने खोज निकाली है। वे भाजपा से ज्यादा जोर जोर से तिरंगा लहराते हैं और भारत माता की जय व वंदे मातरम बोलते हैं। दिल्ली में उनके इन दो नारों ने भाजपा के राष्ट्रवाद के मुद्दों को कमजोर किया।

इस राजनीति को दूसरी पार्टियों ने भी समझ लिया है। ध्यान रहे नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने का फैसला किया तो ज्यादातर पार्टियों ने इसका समर्थन किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी इसका समर्थन किया। तभी पिछले साल झारखंड चुनाव में यह कोई मुद्दा नहीं बन पाया। राम मंदिर बनने का भी स्वागत सारी पार्टियां कर रही हैं। तभी भाजपा के लिए इसे भी मुद्दा बनाना मुश्किल होगा। असल में प्रादेशिक पार्टियां अपने नेताओं की छवि पर खास ध्यान दे रही हैं। तभी हेमंत सोरेन भी राष्ट्रवादी और धार्मिक हो गए हैं और ममता बनर्जी भी काली भक्त हो गई हैं और राष्ट्रवादी भी। लालू प्रसाद का परिवार तो पहले से ही अपने को कृष्ण भक्ति में डूबा हुआ बताता है। तेलंगाना में चंद्रशेखर राव जैसा नेता भी मंदिरों में पांच-पांच करोड़ रुपए या सोने की मूर्तियां दान कर रहा है।

राहुल गांधी भी इसी हल्ले में शिव भक्त हो गए थे और कैलाश मानसरोवर की यात्रा भी कर आए। पर मुश्किल यह है कि उनके यहां छवि निर्माण का सुनिश्चित प्रयास नहीं होता है। उलटे उनकी पार्टी के ही कई नेता उनकी 'पप्पू' वाली यानी कमजोर या नासमझ नेता की छवि बनाने में लगे रहते हैं। जबकि हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। उनको सबसे पहले अपनी छवि पर ध्यान देना चाहिए। वे सहज भाव से मंदिरों में जाते हैं। उन्हें इसे जारी रखते हुए आम हिंदू मानस में इसे बैठाना चाहिए। बहरहाल, अब भाजपा को समझ में आ जाना चाहिए कि धर्म और राष्ट्रवाद की राजनीति कोई भी कर सकता है। राजनीति में लंबे समय तक चलने वाली चीज कामकाज की विरासत ही है।

# आर्थिकी/कंपनियां

## शुरुआती बढ़त के बाद लुढ़का शेयर बाजार

**मुंबई ■ वार्ता**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार सुबह बढ़त में खुले लेकिन कमजोर आर्थिक आँकड़ों के दबाव में अंततः आधा फीसदी की गिरावट में बंद हुये। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 202.05 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 41,257.74 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 61.20 अंक यानी 0.50 फीसदी टूटकर 12,113.45 अंक पर आ गया।

थोक महँगाई नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुँचने के कारण बाजार में निवेशकों की धारणा कमजोर हो गयी। खासकर खाद्य पदार्थों की थोक महँगाई दर भी दहाई अंक में रही। इससे बाजार में बिकवाली का जोर बढ़ गया। यूटिलिटीज, बिजली, धातु और एफएमसीजी समूहों में एक से तीन प्रतिशत के बीच गिरावट रही। इंडसइंड बैंक के शेयर साढ़े चार प्रतिशत, पावरग्रिड के सवा तीन प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक के ढाई प्रतिशत गिरे। दूरसंचार समूह में ढाई प्रतिशत की तेजी के बीच भारती एयरटेल के शेयर साढ़े चार फीसदी से अधिक चढ़े। मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली का दबाव रहा। बीएसई का मिडकैप 0.79 प्रतिशत लुढ़ककर 15,662.10 अंक पर और स्मॉलकैप 0.40 प्रतिशत टूटकर 14,682.65 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स 50.40 अंक की तेजी के साथ 41,510.19 अंक पर खुला और दोपहर से पहले ही 41,702.36 अंक पर पहुंच गया। थोक महंगाई बढ़ने के आंकड़े आने के बाद बाजार में बिकवाली हावी हो गयी। इससे बाजार 41,183.13 अंक तक उतर गया। अंत में यह गत दिवस की तुलना में 202.05 अंक नीचे 41,257.74 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई में कुल 2,709 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,628 गिरावट में और 912 बढ़त में रहे जबकि 169 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुये। निफ्टी 15.50 अंक की बढ़त में 12,190.15 अंक पर खुला। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 12,246.70 अंक और निचला स्तर 12,091.20 अंक रहा। अंत में यह गुरुवार की तुलना में 61.20 अंक लुढ़ककर 12,113.45 अंक पर रहा। निफ्टी की 50 में से 35 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और 15 कंपनियों के हरे निशान में बंद हुये।

### स्पाइसजेट को 73 करोड़ रुपये का मुनाफा

**नई दिल्ली, वार्ता।** किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट का शुद्ध मुनाफा चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 33 प्रतिशत बढ़कर 73 करोड़ रुपये के पार पहुँच गया।

कंपनी के शुक्रवार को जारी वित्तीय परिणामों के अनुसार, गत 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही में उसने 73.22 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 55.08 करोड़ रुपये की तुलना में 32.93 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान उसका कुल राजस्व भी 54.78 फीसदी बढ़कर 3,917.34 करोड़ रुपये पर पहुँच गया।

स्पाइसजेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा "इस तिमाही में कंपनी का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है। मैक्स विमानों की ग्राउंडिंग से मुनाफा काफी प्रभावित होने के बावजूद कंपनी अच्छा लाभ कमाने में कामयाब रही।" उन्होंने कहा कि मैक्स विमानों के इस साल जनवरी से दुबारा परिचालन में आने की उम्मीद थी, लेकिन अब इसके लिए इस साल के मध्य तक इंतजार करना होगा। इससे कंपनी को नुकसान हो रहा है। कंपनी ने बताया कि आलोच्य तिमाही में उसका कुल व्यय भी 55.27 फीसदी बढ़कर 3,844.12 करोड़ रुपये पर पहुँच गया। इसमें विमान ईंधन का खर्च 38.46 प्रतिशत बढ़कर 1,340.72 करोड़ रुपये पर पहुँच गया। विमानों के पट्टे की रकम वापसी और विमान के किराये पर कम व्यय के कारण कंपनी मुनाफा कमाने में कामयाब रही। उसने बताया कि तिमाही के दौरान उसकी सीट किलोमीटर क्षमता 59 प्रतिशत बढ़ी।

## समाचार खास

### तीन हवाई अड्डों का संचालन अडाणी समूह को मिला

**नई दिल्ली ■ वार्ता**

अहमदाबाद, लखनऊ और मेंगलुरु हवाई अड्डों का संचालन अधिकार 50 साल के लिए अडाणी समूह को मिल गया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने आज बताया कि अडाणी समूह की इकाइयों के साथ तीनों हवाई अड्डों के लिए आज कॉन्सेशन समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। इन हवाई अड्डों का संचालन निजी सार्वजनिक भागीदारी के आधार पर किया जायेगा। अडाणी समूह के पास हवाई अड्डों के संचालन, प्रबंधन और विकास का अधिकार होगा। इन हवाई अड्डों से प्राप्त आय पर कंपनी का अधिकार होगा। अडाणी समूह ने पहली बार हवाई अड्डा क्षेत्र के कारोबार में कदम रखा है। उसने बताया कि उसकी इकाइयों अडाणी लखनऊ हवाई अड्डा लिमिटेड, अडाणी अहमदाबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड और अडाणी मेंगलुरु हवाई अड्डा लिमिटेड ने तीनों हवाई अड्डों के लिए संबंधित अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर किये। यह समझौता 50 साल के लिए किया गया है।

एएआई ने पिछले साल छह हवाई अड्डों का संचालन निजी सार्वजनिक भागीदारी के तहत निजी कंपनियों को सौंपने के लिए निविदा जारी की थी। इसमें अहमदाबाद, लखनऊ और मेंगलुरु के अलावा जयपुर, गुवाहाटी और त्रिवेंद्रम हवाई अड्डे शामिल थे। सभी छह हवाई अड्डों के लिए अडाणी समूह सफल बोली दाता रहा था। इनमें तीन हवाई अड्डों के लिए आज समझौते पर हस्ताक्षर हुये। एएआई ने बताया कि संचालन अधिकार के बदले अडाणी समूह से उसे जो एकमुश्त राशि मिलेगी उसका इस्तेमाल पुराने हवाई अड्डों के संचालन एवं विकास तथा छोटे हवाई तथा नये हवाई अड्डे बनाने के लिए किया जायेगा।

### एनएसई ने तीन ब्रोकरों के डिफॉल्टर होने पर रद्द की सदस्यता

**नई दिल्ली, भाषा।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने तीन शेयर ब्रोकर वीराइज सिक्योरिटीज, केनेट फाइनेंस और बीएमए वेल्थ क्रिएटर्स की सदस्यता रद्द कर दी है। इसकी वजह शेयर बाजार के नियामकीय प्रावधानों का पालन नहीं करने के चलते उन्हें डिफॉल्टर घोषित किया जाना है। एनएसई ने तीन अलग-अलग परिपत्रों में यह जानकारी दी।

एनएसई ने कहा कि तीनों ब्रोकरों की सदस्यता 13 फरवरी से रद्द मानी जाएगी। इसकी वजह इनका एनएसई के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने में विफल रहना है। एनएसई के दिशानिर्देशों के अनुसार शेयर ब्रोकरों को किसी भी तरह की गैर-पेशवराना या अनैतिक गतिविधि में शामिल नहीं होने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करना होता है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने वीराइज सिक्योरिटीज के नियमों का अनुपालन नहीं करने के चलते जनवरी में उस पर छह माह के लिए नए ग्राहकों का पंजीकरण करने से रोक दिया था।

## इरडा ने अस्पतालों में इलाज के बढ़ते खर्च को लेकर चिंता जतायी

### दरों को मानकीकृत करने की योजना।

**कोलकाता ■ भाषा**

बीमा नियामक इरडा ने अस्पतालों में इलाज खर्च की बढती दरों को लेकर चिंता जतायी है और उसने चिकित्सा की कुछ प्रक्रियाओं के लिये दरों के मानक बनाने की योजना बनायी है।

बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (साधारण बीमा) की सदस्य टी एल अलमेलु ने यहां कहा कि अस्पतालों में इलाज खर्च हर साल 10 से 15 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। ये दरें बराबर बदलती रहती हैं।

अलामेलु ने कहा, ''अस्पताल शुल्क दरों में बराबर बदलाव कर रहे है। इस पर नियंत्रण के लिये कोई निकाय नहीं है। नियामक बीमा कंपनियों को हर साल प्रीमियम बढ़ाने की अनुमति नहीं देता है। अस्पतालों में शुल्कों में हर साल करीब 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है।'' उन्होंने उद्योग मंडल एसोचैम के कार्यक्रम में कहा कि शुल्क दरों और प्रीमियम के बीच अंतर है।

अलमेलु ने कहा, ''इस संदर्भ में साधारण बीमा परिषद टीपीए (थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर) से बातचीत कर रही है ताकि मोतियाबिंद, गर्भधारण रोकने के ऑपरेशन जैसी प्रक्रियाओं के लिये दरों को मानकीकृत किया जा सके।'' उन्होंने कहा कि नियामक चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिये दरों को मानकीकृत कर रहा है। इसमें कुछ समय लगेगा क्योंकि यह एक कड़ी चुनौती है। अलामेलु ने कहा कि फिलहाल टीपीए का चयन बीमा कंपनियां करती हैं। ''हमारी ऐसी प्रणाली लाने की योजना है जिसमें लोगों के पास टीपीए चयन की अनुमति हो।''

उन्होंने यह भी कहा कि नियामक दावों के निपटान के लिये स्वास्थ्य बीमा मंच स्थापित करने पर विचार कर रहा है। इरडा सदस्य ने कहा,''इस मंच के जरिये सभी दावों का निपटान निश्चित समय अवधि में किया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि नियामक साझा स्वास्थ्य नीति 'आरोग्य संजीवनी' लाने की योजना है। इसमें मानकीकृत नियम एवं शर्तें होंगी और हर बीमा कंपनी को इसकी पेशकश करनी होगी। अलामेलु ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य बीमा उद्याग में पिछले 10 साल में अच्छी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, ''वर्ष 2006-07 में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के रूप में 3,342 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ था जो 2018-19 में बढ़कर 44,873 करोड़ रुपये पहुंच गया।''

### जनवरी में निर्यात घटा, व्यापार घाटा बढ़ा

**नई दिल्ली, वार्ता।** निर्यात में 1.66 प्रतिशत की गिरावट से जनवरी में देश का वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 15.17 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार गत जनवरी में देश का माल निर्यात 25.97 अरब डॉलर रहा जो जनवरी 2019 के 26.41 अरब डॉलर की तुलना में 1.66 प्रतिशत कम है। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 महीने में माल निर्यात 1.93 प्रतिशत घटकर 265.26 अरब डॉलर रह गया। जनवरी में कुल माल आयात 0.75 प्रतिशत घटकर 41.14 अरब डॉलर रहा। पिछले साल जनवरी में यह आंकड़ा 41.46 अरब डॉलर रहा था। इस प्रकार साल के पहले महीने में देश का वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 15.17 अरब डॉलर रहा। यह जनवरी 2019 में 15.05 अरब डॉलर रहा था। अप्रैल 2019 से जनवरी 2020 के दौरान माल आयात 8.12 प्रतिशत घटकर 398.53 अरब डॉलर पर पहुंच गया।


**WINSOME BREWERIES LIMITED**

(CORPORATE IDENTIFICATION NUMBER : L15511RJ1992PLC014556)
Regd. Office : Vill. Sarehkhurd, Tehsil Tijara, Distt. Alwar (Rajasthan)
Corp. Office: D-61, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi - 110 020
Ph.: 011-26811299, 2707, Fax : 011-26815222, Email : rkb@winsomeindia.in, Website : www.winsomeindia.in

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED ON 31ST DECEMBER, 2019**

(Rs in Lakhs except Earning per share)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 31-12-2019 (Unaudited) | Quarter ended 30-09-2019 (Unaudited) | Quarter Ended 31-12-2018 (Unaudited) | Nine Months ended 31-12-2019 (Unaudited) | Nine months ended 31-12-2018 (Unaudited) | Year ended 31-03-2019 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 226.26 | 5.84 | 0 | 232.1 | 0 | 0 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraodinary items) | -16.10 | -40.28 | -81.48 | -116.37 | -197.14 | -199 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | -16.10 | -40.28 | -81.48 | -116.37 | -197.14 | -199 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -16.10 | -40.28 | -81.48 | -116.37 | -197.14 | -96.61 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax ) and other Comprehensive Income (after Tax) | -16.10 | -40.28 | -81.48 | -116.37 | -197.14 | -66.73 |
| 6 | Equity Share Capital | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | | | | | | 1097.41 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | | | |
| | Basic : | -0.06 | -0.15 | -0.29 | -0.42 | -0.71 | -0.35 |
| | Diluted: | -0.06 | -0.15 | -0.29 | -0.42 | -0.71 | -0.35 |

Notes:
1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Results submitted with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listiong Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Results available on the website of Stock Exchange at www.bseindia.com and on Company website at www.winsomeindia.in
2 The above results were reviewed by the Audit committee, and thereafter approved by the Board of Directors in their meetings held on 14th February, 2020
3 The Statutory Auditor of the Company have carried out Limited Review of Financial Results for the quarter and nine months ended 31st December, 2019 pursuant to Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
4 Previous year/Quarter figures have been regrouped / reclassified, wherever necessary.

For Winsome Breweries Limited
Sd/-
Rajendra Kumar Bagrodia
(Chairman Cum Managing Director)
DIN : 00178250
S-521 Greater Kailash Part II , New Delhi-110048

Place: New Delhi
Date: February 14th, 2020

# First phase of census-21 to start from May 1, 2020 in Haryana

Chandigarh

The first phase of Census-2021 in Haryana, i.e house listing operations and housing Census will be conducted from May 1, 2020, to June 15, 2020. Around 58000 enumerators and supervisors would be deployed for canvassing data.

This information was shared in the State- Level Conference of Divisional, Deputy Commissioners and Principal Census Officers to review the preparedness for Census 2021 and updation of NPR held under the chairmanship of Haryana Chief Secretary Mrs. Keshni Anand Arora here today. Registrar General and Census Commissioner, India, Mr. Vivek Joshi also present in the meeting.

Described census as one of the most credible source of information regarding the socio-cultural and demographic data, the Chief Secretary said that it is very




important that the data on census should be very reliable and since the entire process of the census is very time-bound therefore all the concerned officers should ensure that all the procedure should be completed within the stipulated time period i.e from May 1, 2020 to June 15, 2020.

She said that for the first time in history, Census data will be collected digitally. She said that this dynamic census will certainly help the State in getting data analytics at the right time for policy formation. She further directed that publicity has to be planned very meticulously and dedicated efforts should be made for the mass publicity so that the State people can be made aware of the same.

It was informed that the first phase of the Census i.e. House listing and Housing Census has been notified for conduct in Haryana from May 1, 2020 to June 15, 2020. During house listing operations, questions on the quality of houses, amenities available to households and assets possessed by the households will be canvassed. The second phase i.e. Population Enumeration will be conducted from February 9, 2021, to February 28, 2021, with a revisional round from March 1 to 5, 2021.

Further, in Haryana, around 58000 enumerators and supervisors would be deployed for canvassing data. The training of Tehsildars cum Charge Officers is proposed to be held at the district level from February 19 to March 4, 2020, which would be followed by training of around 900 field trainers in March 2020. These trained field trainers will further train the Enumerators and Supervisors in April, 2020.

Registrar General and Census Commissioner, India, Mr. Vivek Joshi, in his address stated that census is the largest administrative and statistical exercise in the world. He stated that it is for the first time that the census is being conducted in digital mode and codification of responses would go a long way in timely release of data. Census data would be captured through specially designed mobile apps. It is for the first time that all the Census activities and progress would be monitored on real-time basis through the Census Monitoring and Management System (CMMS).

Mr. Joshi said that for the Census 2021 no documents will be asked from the citizens. Citizens will be asked to give the answers to only a few questions. He said that while doing the census, the Chief Census Officer should keep in mind that only those questions should be asked from the Citizens which are included in the pre-set questionnaire. He said that the personal data collected during the census will be confidential.

The website of the Directorate of Census Operations, Haryana was also launched on this occasion. The website has all the census circulars, notifications, FAQs and other important communications with regard to the census exercise.

In the conference, Additional Chief Secretary and Financial Commissioner, Revenue and Disaster Management and Consolidation Departments, Mr. Dhanpat Singh, Principal Secretary, School Education Department, Mr. Mahavir Singh, Principal Secretary, Social Justice, and Empowerment Department, Mr. Anand Mohan Sharan, Principal Secretary, Town, and Country Planning Department, Mr. Apoorva Kumar Singh, Director Census Operations, Haryana, Ms. Prerna Puri, all the Divisional Commissioner, Deputy Commissioners, and Commissioner, Municipal Corporation and other senior officers were present.

## Bajwa appeals Akal Takht chief for free Gurbani live telecast signal from Golden Temple

Chandigarh

Punjab Panchayats and Rural Development Minister Tript Rajinder Singh Bajwa on Friday led a delegation of the Sikh leaders to Akal Takht Jathedar Giani Harpreet Singh seeking his intervention to end monopoly on the live telecast of Gurbani from the Golden Temple and facilitate the availability of signal to all channels within the framework of the guidelines. He quoted the very universalism of Gurbani in support of his appeal.

The delegation based the case on the logic that Gurbani was not a commodity and thus could not be traded as was the case now. The message of the Gurus articulated in Gurbani must be taken to every corner of the world free rather than making it a business.

Bajwa said after the meeting that the Jathedar said he was looking into the matter.It was pointed out that the monopoly rights given by the Shiromani Gurdwara Parbandhak Committee for this purpose to a single TV channel PTC that is owned by the family of Shiromani Akali Dal president Sukhbir Singh Badal violates the basic tenets and teachings of Gurbani that is for the entire humanity.

The delegation said the signal should be made available free of cost to every channel interested in spreading Gurbani after getting the undertaking on observing the laid down norms. The SGPC should make its own arrangements for distribution of the signal.

Mr Bajwa pointed out that the proposal to set up a channel by the SGPC was more than two decades old but nothing had been done to take the same to the logical conclusion for the obvious reasons.

**NORTHERN RAILWAY**

**TENDER NOTICE**

**Invitation of Tender through E-Tendering (E-Procurement Systems)**

Sr.DMM, Northern Railway, New Delhi-110001, for and on behalf of the President of India invites e-tenders through e-procurement system for supply of the following items.

| Sr.No. | Tender No. | Brief Description | Qty. | Closing date |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 93205063 | Energy Efficent LED based luminaire units type 'N' (9W) light Fittings for LHB AC Coaches. As per RDSO spec. No. RDSO/PE/SPEC/TL/0091-2016, (Rev.1). Drawing No. LW76099. | 1230 Nos. | 11.03.2020 |

Note:- 1. Vendors may visit the IREPS website i.e. **www.ireps.gov.in** for details.
2. No manual offer will be entertained.

**Sr. DMM/NS/LP/93205063/2020 Date:- 12.02.2020** **482/2020**

**SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE**

## By donating blood, we can save the life of a human being : Dhanda



Chandigarh

Haryana Minister of State for Women and Child Development, Kamlesh Dhanda said that by donating blood, we can save the life of a human being as there is no other alternative to blood, hence all young people should donate blood. Organizing blood donation camp by the younger generation is a commendable step as it carries a good message in the society, she added.

Dhanda was speaking on the occasion of a blood donation camp organized under the joint aegis of Public Welfare Trust and District Red Cross Society in memory of the soldiers who attained martyrdom in the Pulwama attack. On this occasion, the Minister honored the blood donors with a badge. A total of 225 units of blood were collected during the camp. The Minister paid her tributes to martyrs and said that it was on this very day, last year, in 2019 that the brave sons of Mother India laid down their lives in the Pulwama terror attack.

## Rs 115 crore approved for strengthening local bodies

Jag Mohan Thaken

Chandigarh

The Urban Local Bodies (ULBs) of Punjab would witness major facelift in near future as the department of local bodies in first phase today approved tenders worth Rs. 115 crore for setting up crucial infrastructure pertaining to water supply and sewerage in Batala and Pathankot.

Disclosing this, Brahm Mohindra, Local Bodies Minister in a press communiqué said that the works worth Rs 70.86 cr in Batala and Rs 43.61 cr in Pathankot will be commenced immediately for laying approximately 175 Km sewer Network and 23 Km Water Supply pipeline in Batala and 147 Km Sewer network and 91 Km Water Supply pipeline in Pathankot. He said that citizen of these areas will get safe piped water supply and safe disposal of waste water.

The Local Bodies Minister said that in a bid to provide basic amenities like Water Supply & Sewerage in the main towns of State, Punjab Government has been implementing centrally sponsored Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT) scheme. Union Government is assisting for providing infrastructural facilities related to Water Supply, Sewerage & Drainage in 16 cities of Punjab. He said that the State Government will share 50 percent of the total cost Capital Cost of these Projects, which will be completed in 18 months.

Divulging further, Mr. Brahm Mohindra said that the additional population of 67557 in Pathankot and 149678 in Batala will be benefited from these works. He said that the Projects of Treatment of Waste Water will also be taken up very soon. He said that Tenders of Tube wells, OHSRs & Sewerage Treatment Plants for Batala and Pathankot towns as well as Water Supply & Sewerage networks in remaining areas of Pathankot town are in process. The cost of works for which tenders are in process at Batala town is Rs 44.35 Cr. and at Pathankot town is Rs 42.63 Cr.

The Local Bodies Minister said that in total Rs 201.45 crore will be used at Batala & Pathankot for development of water supply and sewerage scheme. He said that the Punjab Municipal Infrastructure Development Company (PMIDC) is a nodal agency for State of Punjab for implementation of AMRUT Programme for 16 cities including Abohar, Amritsar, Barnala, Batala, Bathinda, Firozepur, Hoshiarpur, Jalandhar, Khanna, Ludhiana, Malerkotla, Moga, Patiala, Sri Muktsar Sahib, Pathankot and SAS Nagar.

Brahm Mohindra further said that the total cost of the projects is Rs.2766.63 crore, in which GoI share is Rs. 1204.47 Cr. And Punjab Government's share is Rs. 1562.03 Cr. He said that execution of Water Supply and Sewerage works are already in progress in 14 towns out of total 16 towns.

**NORTHERN RAILWAY**

**TENDER NOTICE**

**No.128-W/Sr.DEN C/NIT No. 14/19-20/WC** **Date : 12.02.2020**

The Sr.Divisional Engineer/C, Northern Railway, DRM Office, Delhi Division, State Entry Road, New Delhi-110055, for and on behalf of the President of India Invites sealed open electronic-tenders for the under noted work: -

| S No. | Name of work | Approximate Cost of work | Earnest money to be deposited | Completion period | Date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Complete job of IN-SITU reconditioning of CMS crossings by using technology of Translamatic Robotic welder in identified yards over Delhi Division. (Cost is exclusive of GST) | Rs. 1,07,04,798/- | Rs. 2,03,500/- | 10 months | 13.03.2020 |
| 2. | Resurfacing of Ballast stacking area in SSB Ballast Depot. (Cost is exclusive of GST) | Rs. 1,02,63,978/- | Rs. 2,01,300/- | 04 Months | 13.03.2020 |
| 3. | Supplying, stacking and loading of 30000cum, 65 mm gauge stone ballast (Machine crushed) into Railway Wagaon including all leads & lift at ballast sub depot No.4 at TKD (Cost is exclusive of GST) | Rs. 3,19,62,900/- | Rs. 3,09,800/- | 09 months | 17.03.2020 |

**Note:-** 1. The e-tender is to be submit through railway website **'http:ireps.gov.in'**. The tenders can be submit on website Up to 15.00 hrs. on 13.03.2020 and shall be opened there after.

**471/20**

**SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE**

**KMG MILK FOOD LTD.**

CIN : L15201HR1999PLC034125

Regd. Office: 9TH KILOMETER STONE PIPLI TO AMBALA,VILL AGE MASANA, KURUKSHETRA, HARYANA- 136118

E-mail : compliances.kmg@gmail.com

**Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter ended on 31.12.2019**

(Rs. in lacs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ending (31.12.2019) | Year to date Figures (31.03.2019) | Corresponding 3 Months ended in the previous year (31.12.2018) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations (net) | 0 | 82.08 | 1.27 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax Exceptional and or Extraordinary items) | -35.44 | -149.14 | -32.83 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and or Extraordinary items) | -374.07 | -149.14 | -32.83 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and or Extraordinary items) | -374.07 | -149.14 | -32.83 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit /(Loss) for the Period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | -374.07 | -149.14 | -32.83 |
| 6 | Equity Share Capital | 530.46 | 530.46 | 530.46 |
| 7 | Earnings Per Share (before extraordinary items (of Rs.10/- each) | | | |
| | Basic: | -0.71 | -0.28 | 0.00 |
| | Diluted: | -0.71 | -0.28 | 0.00 |

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of the Company at www.kmggroup.com and at the Stock Exchange website. www.bseindia.com
2. The above Un-Audited Financial Results for the Quarter and year ended December 31, 2019 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Director's of the Company at their meeting held on 14th, February, 2020.
3. The above Un-Audited Financial Results is subject to Audit Report as furnished by the Statutory Auditors and approved by the Board of Directors of the Company as required under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Discloser Requirements) Regulations, 2015

By order of the Board
For KMG Milk Food Ltd
Sd/-
Basudev Garg
Chairman
DIN: 00282038

Place : Kurukshetra
Date : 14.02.2020

## Positive approach always attracts success – DGP Haryana

Chandigarh

Haryana Director General of Police, Manoj Yadava emphasized on the need to have a positive mindset for better management and added that a positive approach always attracts success.

He was speaking after inaugurating a three-day training programme on ethical leadership and leadership development organized by Haryana Police in association with Indian Institute of Management, Rohtak at Haryana Police Academy, Madhuban today. As many as 31 gazetted officers are participating in the training programme.

Addressing the participants, he said that one cannot achieve success without leadership and hard work. If your leadership is good, then your team will be able to achieve the toughest goals. He also described leadership as the most powerful tool in the whole world and added that it gives a new direction to a union and society.

Describing management as the key to success, he said that management is very important before doing any work as no great work can be done completely without proper management. We are always striving to make Haryana Police the best police force in the country, he added.

Speaking on this occasion, Director, Indian Institute of Management, Prof. Dheeraj Sharma also highlighted the importance of management skills in success of an organization.

## Liquor mafia held after encounter with Noida Police

Noida

A 35-year-old liquor mafia, who was trying to flee with his accomplice on a motorcycle, was held here after an exchange of gunfire with the Noida Police early on Friday, officials said.

The encounter took place around midnight near the Noida Special Economic Zone (NSEZ), under Phase II police station limits, they said.

"Two men riding on a motorcycle were intercepted by the local police for checking. Their vehicle did not have a registration plate and were gestured to slowdown for inquiry. But instead they sped away and were chased down by the police," Deputy Commissioner of Police, Central Noida, Harish Chander, said.

"While fleeing, one of the men opened fire at the police team that was chasing them. The cops had a narrow escape and retaliated with gunshots in which the pillion rider got injured and fell off the motorcycle," he told reporters.

**WINSOME BREWERIES LIMITED**

(CORPORATE IDENTIFICATION NUMBER : L15511RJ1992PLC014556)
Regd. Office : Vill. Sarehkhurd, Tehsil Tijara, Distt. Alwar (Rajasthan)
Corp. Office: D-61, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi - 110 020
Ph.: 011-26811299, 2707, Fax : 011-26815222, Email : rkb@winsomeindia.in, Website : www.winsomeindia.in

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED ON 31ST DECEMBER, 2019**

(Rs in Lakhs except Earning per share)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 31-12-2019 (Unaudited) | Quarter ended 30-09-2019 (Unaudited) | Quarter Ended 31-12-2018 (Unaudited) | Nine Months ended 31-12-2019 (Unaudited) | Nine months ended 31-12-2018 (Unaudited) | Year ended 31-03-2019 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 226.26 | 5.84 | 0 | 232.1 | 0 | 0 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraodinary items) | -16.10 | -40.28 | -81.48 | -116.37 | -197.14 | -199 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | -16.10 | -40.28 | -81.48 | -116.37 | -197.14 | -199 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -16.10 | -40.28 | -81.48 | -116.37 | -197.14 | -96.61 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax ) and other Comprehensive Income (after Tax) | -16.10 | -40.28 | -81.48 | -116.37 | -197.14 | -66.73 |
| 6 | Equity Share Capital | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | | | | | | 1097.41 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | | | |
| | Basic : | -0.06 | -0.15 | -0.29 | -0.42 | -0.71 | -0.35 |
| | Diluted: | -0.06 | -0.15 | -0.29 | -0.42 | -0.71 | -0.35 |

Notes:
1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Results submitted with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listiong Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Results available on the website of Stock Exchange at www.bseindia.com and on Company website at www.winsomeindia.in
2 The above results were reviewed by the Audit committee, and thereafter approved by the Board of Directors in their meetings held on 14th February, 2020
3 The Statutory Auditor of the Company have carried out Limited Review of Financial Results for the quarter and nine months ended 31st December, 2019 pursuant to Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
4 Previous year/Quarter figures have been regrouped / reclassified, wherever necessary.

For Winsome Breweries Limited
Sd/-
Rajendra Kumar Bagrodia
(Chairman Cum Managing Director)
DIN : 00178250
S-521 Greater Kailash Part II , New Delhi-110048

Place: New Delhi
Date: February 14th, 2020

## Western UP gang of car lifters busted, 4 held in Noida

Noida

Four members of a western Uttar Pradesh-based gang allegedly involved in dozens of car robberies in Delhi NCR have been arrested, the Noida police said on Friday.

Six stolen vehicles, including SUVs and hatchbacks, have been recovered from the possession of the gang members who were held on Thursday from Sector 49 police station area, the police said.

Those arrested have been identified as Jeetu alias Jitin Sharma, Irshad, Imran and Saurabh, Deputy Commissioner of Police, Noida I, Sankalp Sharma said.

"While Jeetu, Irshad and Imran are based in Meerut district of UP, Saurabh is from Baghpat," Sharma told reporters.

According to the officer, Jeetu, Imran and Saurabh have almost half a dozen cases registered against them at various police stations in Delhi, Gurgaon, Meerut and Baghpat while Irshad alone has nearly two dozen FIRs against him.

Among the vehicles recovered are a Toyota Fortuner and a Maruti Swift which were stolen from Gurgaon besides a Maruti Swift Dzire, a Maruti Baleno, a Maruti Brezza, and a Mahindra Scorpio all lifted from Delhi, the police said.

A fresh FIR has been registered against them in Noida and further proceedings were underway, the police added.

